तापमान
अधिकतम 43 .1 डिग्री
न्यूनतम 17 .2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025

12 आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संज्ञान ले केन्द्र सरकार:निर्मल


12 शिविर में प्राप्त शिकायतों का यथा शीघ्र करें निपटान


## खबर संक्षेप

### रामदास अठावले आज कुवि में करेंगे शिरकत

**कुरुक्षेत्र।** केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास अठावले 25 अप्रैल को दोपहर 12:50 बजे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में भारतरत्न डा. बीआर अंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस दौरान लोगों से सरकार की योजनाओं पर सीधा संवाद और चर्चा भी करेंगे।

### कैबिनेट मंत्री बेदी करेंगे समारोह में शिरकत

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी 25 अप्रैल को दोपहर 3 बजे सेक्टर-13 सीनियर सिटीजन फोरम कार्यालय के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस दौरान सीनियर सिटीजन से बातचीत भी करेंगे। यह जानकारी वरिष्ठ सीनियर सिटीजन फोरम के पदाधिकारी डा. एसी नागपाल ने दी है।

### होम्योपैथी चिकित्सा पर आज होगा सेमिनार

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में आज शुक्रवार को विश्व होम्योपैथी दिवस के उपलक्ष्य में सेमिनार आयोजित किया जाएगा, जिसमें बतौर मुख्यातिथि सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन होम्योपैथी के पूर्व डीजी एवं राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग के पूर्व चेयरमैन डॉ. अनिल खुराना शिरकत करेंगे। इनके अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग के सचिव डॉ. संजय गुप्ता उपस्थित रहेंगे,जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर वैद्य करतार सिंह धीमान करेंगे।

### मोटरसाइकिल चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**अम्बाला।** थाना पड़ाव में दर्ज चोरी के मामले में 23 अप्रैल 2025 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी गुरप्रीत सिहँ निवासी गाँव शेर माजरा जिला पटियाला पंजाब व राजू निवासी गाँव दुघड़ा जिला पटियाला पंजाब को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता आशू निवासी गाँधी नगर जिला अम्बाला ने 10 मार्च 2025 को थाना पड़ाव में शिकायत दर्ज करवाई थी।

### स्नेचिंग के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अम्बाला।** थाना महेशनगर में दर्ज स्नैचिंग के मामले में 23 अप्रैल 2025 को पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी गुरजैन्ट सिहँ निवासी गांव हंडेसरा जिला शाशनगर मोहाली पंजाब को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया। हरकीरत सिहँ निवासी रामनगर ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 22 अप्रैल को गोबिन्द नगर अम्बाला छावनी के पास से अज्ञात आरोपी ने उससे मोबाइल छीन लिया है।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी काबू, 23 केस दर्ज

**अम्बाला।** थाना अम्बाला शहर में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में 23 अप्रैल 2025 को आर्थिक अपराध शाखा के पुलिस दल ने कार्यवाही करते हुए आरोपी सर्बजीत सिहँ निवासी गाँव अचिन्तकौट थाना धरिन्डा जिला अमृतसर पंजाब को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 05 दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया। आरोपी के खिलाफ पंजाब में भी लगभग 24 मामले में दर्ज है।

### प्ले वे स्कूलों के लिए 15 तक पंजीकरण अनिवार्य

**पानीपत।** महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में आज जिला सचिवालय सभागार में प्ले वे स्कूलों के संचालन को लेकर उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा की व आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने जिले में संचालित किए जा रहे प्ले वे स्कूलों का खंड अनुसार ब्यौरा प्राप्त किया।

# केंद्रीय मंत्री ने लेफ्टिनेंट के निधन पर जताया गहरा दुःख, शोकाकुल परिवार को दी सांत्वना

दुःख की इस घड़ी में सरकार पीड़ित परिवार के साथ : मनोहर लाल

## वेदना सुनकर केंद्रीय मंत्री की आंखें हुई नम

- पर्यटकों को वापस लाने के लिए दो स्पेशल हवाई उड़ानें तय की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल वीरवार को करनाल पहुंचे और कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादी हमले के शिकार हुए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया और परिजनों को सांत्वना दी। परिजनों व विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी की वेदना सुनकर मनोहर लाल की आंखे नम हो गईं। उन्होंने कहा कि यह घटना परिवार के साथ-साथ देश के लिए भी बहुत दुखदायी है, दुःख की इस घड़ी में सरकार परिवार के साथ है और परिवार की हर संभव मदद की जाएगी। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि यह बहुत ही दुःख की बात है कि देश का एक नौजवान और होनहार सैनिक लेफ्टिनेंट विनय नरवाल आतंकवादियों के हमले का शिकार हो गया है। इस घटना को लेकर सिर्फ उनके परिवार में ही नहीं, हम सब के मन में भी बहुत ही दुःख है कि लेफ्टिनेंट विनय नरवाल जिसे लम्बे समय तक देश की सेवा करनी थी, उसे कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने बर्बरतापूर्वक गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। आतंकवादियों की इस घिनौनी हरकत की मैं घोर निंदा करता हूं। इस समय देश एक है, मजबूत है और देशवासियों में इस घटना को लेकर रोष है। लेकिन यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश में ही कुछ लोग इस आतंकवादी घटना को धार्मिक रंग भी दे रहे हैं। उन्हें इस बात को समझना चाहिए और ऐसा नहीं करना चाहिए। बार कश्मीर के लोग आतंकवाद के खिलाफ खड़े हुए हैं, कल कश्मीर में बाजार भी बंद रखे गए थे। आगे से कश्मीर के लोग भी आतंकवाद को सहन नहीं करेंगे। धारा 370 के बाद कश्मीर शांति के रास्ते पर है और उसी रास्ते पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने सभी एयरलाइंस के साथ बैठक की और उन्हें सख्त निर्देश दिए गए हैं कि इस समय का गलत फायदा न उठाएं और हवाई यात्रा के किराए में बढ़ोतरी न करें, बल्कि सामान्य किराए पर ही कश्मीर से यात्रियों को वापिस लेकर आएं। कश्मीर से पर्यटकों को वापिस लाने के लिए एयर इंडिया की दो स्पेशल हवाई उड़ानें तय की गई हैं और प्राइवेट एयरलाइंस की भी उड़ाने तय की गई हैं। कुछ हवाई जहाज स्पेयर में तैयार रखे गए हैं ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनके द्वारा कश्मीर से पर्यटकों की वापसी कराई जा सके।



**करनाल।** लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के निधन पर उनके परिजनों को सांत्वना देते केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल व अन्य।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर विधायक जगमोहन आनंद, विधायक रामकुमार कश्यप, विधायक योगेन्द्र राणा, मेयर रेनू बाला गुप्ता, भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर, सांसद प्रतिनिधि कविन्द्र राणा, भाजपा नेता बृजभूषण गुप्ता, अशोक सुखीजा, अमरनाथ सौदा, मुकेश अरोड़ा, अशोक खुराना, एडवोकेट विजय वेदपाल सहित अन्य व्यक्तियों ने भी शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी।

### राज्य मंत्री राजेश नागर ने दी श्रद्धांजलि



हरियाणा के खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले तथा प्रिंटिंग एवं स्टेशनरी राज्य मंत्री राजेश नागर ने वीरवार को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के परिजनों से उनके निवास स्थान सैक्टर-7 में बातचीत की तथा शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और विनय नरवाल को श्रद्धांजली दी तथा भगवान से प्रार्थना की वे अपने श्री चरणों में विनय नरवाल को स्थान दें। राज्यमंत्री राजेश नागर ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमला बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है, जिन परिवारों के साथ ये घटना हुई है, उनके साथ पूर्णरूप से केंद्र व प्रदेश की सरकार साथ खड़ी है। मेयर रेनू बाला गुप्ता तथा भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर भी उपस्थित थे। राज्यसभा के सांसद कार्तिकेय शर्मा ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के परिवार से सैक्टर-7 स्थित उनके आवास पर मुलाकात की।

# डिजिटल अरेस्ट मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

- 21.10 लाख रुपये, लैपटॉप, सेंसर डिवाइस, स्कैनर, स्वाइप मशीन, मोबाइल आदि बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बाला

उप-पुलिस अधीक्षक रजत गुलिया ने बताया कि अम्बाला पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में आरोपी बबलू कुमार निवासी गांव बलवा जिला चम्पारण बिहार, श्रवण कुमार निवासी संजय कोचला नगर अमलाई कालरी जिला अनूपुर मध्यप्रदेश व राजीव सिंह परिहार निवासी लाहासुई कैंप कोटमा जिला अनूपुर मध्यप्रदेश को सहडोल मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया।

आरोपियों को न्यायालय के आदेशानुसार आठ दिनों का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त कर लगभग 21 लाख 10 हजार रूपये, लैपटॉप, सैंसर डिवाईस, स्कैनर, आई स्कैनर मशीन, स्वाइप मशीन, बायोमेट्रिक मशीन, बैंक किट व मोबाइल बरामद किए गए हैं।

### 274 शिकायतें दर्ज

आरोपियों के खिलाफ साइबर पोर्टल पर पूरे देश से लगभग 274 शिकायतें दर्ज है। राजेन्द्र कुमार निवासी पालम विहार ने 06 अप्रैल को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 29 मार्च 2025 से 05 अप्रैल 2025 के दौरान अज्ञात आरोपी ने फर्जी पुलिस अरेस्ट वारंट भेजकर तथा डरा-धमका कर डिजिटल अरेस्ट करने के मामले में उससे एक बड़ी रकम धोखाधड़ी से हड़प कर आपराधिक कार्य किया है।

### आरोपी हिरासत में भेजे

आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले में पहले 04 आरोपी मनिन्द्र सिहँ व नवीन कुमार निवासी चन्द्र विहार बी बाजार रोड निलोठी नई दिल्ली, अनिल कुमार निवासी सेक्टर-19 नोएडा वर्तमान पता सैक्टर-15 नोएडा व सुनील कुमार निवासी जनकपुरी लुधियाना पंजाब वर्तमान पता गुरू अर्जुनदेव नगर लुधियाना पंजाब को गिरफ्तार कर 02 लाख 93 हजार रुपये बरामद किए जा चुके हैं। आरोपियों के खातों में कुल रकम लगभग 02 करोड़ 79 लाख में से 30 लाख रुपये ट्रांसफर हुए है जिनमें से पुलिस ने लगभग 24 लाख रूपये बरामद कर लिए हैं।

# सड़क हादसों में तीन युवकों की मौत और दो घायल

- पुलिस ने अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ किए मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में तीन युवकों की मौत हो गई जबकि दो युवक घायल हो गए। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव धौलरा निवासी रामदेव ने बताया कि उसका बड़ा भाई 42 वर्षीय रामनाथ मेहनत मजदूरी करता था। उसका भाई रामनाथ व उनके गांव का ही सोनू बाइक पर अपने काम से यमुनानगर आ रहे थे। बाइक उसका भाई चला रहा था पीछे सोनू बैठा हुआ था। सहारनपुर कुरुक्षेत्र स्टेट हाईवे पर जब वे औरंगाबाद पुल के पास पहुंचे तो सामने से तेज गति से आ रही कार ने उसके भाई की बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसका भाई व सोनू बाइक सहित सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी कार चालक फरार हो गया। आसपास के लोगों ने उसके भाई व सोनू को अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसके भाई रामनाथ ही हालत गंभीर देख डॉक्टर ने पीजीआई रेफर कर दिया जबकि सोनू को सिविल अस्पताल में ही उपचार दिया गया। उन्होंने अपने भाई रामनाथ को पीजीआई चंडीगढ़ में भर्ती कराया। पीजीआई में उपचार के दौरान उसके भाई की मौत हो गई।

### ट्रक की टक्कर से बाइक चालक की मौत

गांव संधाला निवासी विजय कुमार ने बताया कि उसका छोटा भाई साहिल घाट नंबर-15 पर मशीन ओपरेटर का काम करता था। वह शाम को सात बजे अपने दोस्त गांव खजूरी निवासी राहुल के साथ बाइक पर अपने काम पर जा रहा था। बाइक साहिल चला रहा था जबकि राहुल पीछे बैठा था। जब वह गांव के बाहर सड़क पर निकले तो तेज गति से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। लोगों ने दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें पीजीआई रैफर कर दिया। पीजीआई ले जाते समय उसके भाई साहिल की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी।

### घायल युवक की मौत

गांव कामी माजरा निवासी जाबर ने बताया कि उसका भाई 32 वर्षीय रहमान किसी काम से जा रहा था। जब वह महालक्ष्मी धर्म कांटा पांसरा के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसके भाई को टक्कर मार दी। जिससे रहमान घायल हो गया। लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# प्लाइवुड फैक्ट्री से टेक्निकल ग्रेड यूरिया के 75 बैग जब्त

- प्लाइवुड फैक्ट्री संचालक के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव नाहरपुर स्थित एमएस डिक्को प्लाइवुड फैक्ट्री से छापामारी के दौरान टेक्निकल गे्रड यूरिया के 75 बैग बरामद हुए। पुलिस ने उप कृषि निदेशक की शिकायत पर फैक्ट्री मालिक के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार उप कृषि निदेशक हरीश पांडे ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसे सूचना मिली थी कि गांव नाहरपुर स्थित एमएस डिक्को प्लाइवुड फैक्ट्री में गल्लू बनाने में टेक्निकल ग्रेड यूरिया का प्रयोग किया जा रहा है। सरकार द्वारा टेक्निकल ग्रेड यूरिया को प्लाइवुड फैक्ट्री में यूज करने पर पाबंदी लगाई हुई है।

### पाबंदी के बावजूद कर रहे थे यूरिया का इस्तेमाल

इसके बावजूद भी फैक्ट्री मालिक टेक्निकल ग्रेड यूरिया का प्रयोग गल्लू बनाने में कर रहे हैं। जिससे सरकार को हानी पहुंच रही है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ फैक्ट्री में छापामारी की। जहां से 75 बैग टेक्निकल ग्रेड यूरिया के बरामद हुए। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी।

पुलिस ने फैक्ट्री मालिक के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### हेरोइन सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**अम्बाला।** थाना महेशनगर पुलिस ने नशा तस्करी के मामले में आरोपी निहाल निवासी न्यू टैगोर गार्डन खोजकीपुर अम्बाला छावनी वर्तमान पता दुर्गानगर अम्बाला छावनी जिला अम्बाला को 14 ग्राम 70 मिलिग्राम हैरोइन सहित गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी नशा तस्कर दुर्गानगर महेशनगर अम्बाला के पास मादक पदार्थ बेचने की फिराक में है। पुलिस ने तुरन्त मौके पर जाकर आरोपी को काबू कर उसकी तलाशी ली और उससे 14 ग्राम 70 मिलिग्राम हैरोइन बरामद की। आरोपी की पहचान निहाल निवासी न्यू टैगोर गार्डन खोजकीपुर अम्बाला छावनी वर्तमान पता दुर्गानगर अम्बाला छावनी के रूप में हुई।

# हरियाणवी संस्कृति के कायल हुए ऑस्ट्रेलिया के सांसद

- 15 सदस्यों के दल का शहर में आने पर किया स्वागत
- व्यापार को बढ़ाने को लेकर विचार-विमर्श किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

ऑस्ट्रेलिया से आए डेलिगेट्स में मेंबर ऑफ पार्लियामेंट माथव हिलकरी व डालयन विथ, डॉ सचिन दहिया बिज़नेसमैन (बालेरेट-ऑस्ट्रेलिया), डॉ जसविन्दर सन्धू (फेडरेशन युनिवर्सिटी-मैलबर्न), प्रोफेसर पॉल पंग सहित 15 सदस्यों का डॉ. नवीन नैन भालसी व पूर्व सांसद संजय भाटिया, कैप्टन योगेश बैरागी आदि ने पानीपत में स्वागत किया।

वहीं, गंगा ग्रुप के डायरेक्टर डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया सरकार के डेलिगेटस का कृषि प्रधान देश भारत के हरियाणा प्रदेश में आकर कृषि से सम्बंधित बात करके कुछ नये आयाम स्थापित करना, कृषि से संबंधित बिज़नेस को अनुप्रेषित करना व आधुनिक तकनीक से जुड़े बिज़नेस को बढ़ावा देना, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पढ़ाई करके नये बिज़नेस व स्टार्टअप के माध्यम से व्यापार को बढाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। वही, डॉ नैन ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया से आए डेलिगेटस सदस्यों ने ऑस्ट्रेलिया आने का न्यौता दिया ताकि आप यहां आकर एग्रीकल्चर की आधुनिक तकनीक व व्यापार व रोज़गार के नये पहलुओं पर शोध करके नये आयाम स्थापित कर सके व भारतीय उद्योग व व्यवसाय में विस्तार कर सकें जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए नये रोज़गार के अवसर पैदा हो सके।




**पानीपत।** गंगा हैचरी में हुक्के का आनंद लेते हुए ऑस्ट्रेलियाई जनप्रतिनिधिमंडल।

### ऑस्ट्रेलिया आने का न्यौता

डॉ. नैन ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया डेलिगेटस के सदस्यों को यहां एग्रीकल्चर से जुड़े बिज़नेस पोल्ट्री फार्म पर विजिट करवाई व यहां वाले बिज़नेस को बढ़ावा देने के लिए ऑस्ट्रेलिया आने का न्यौता दिया ताकि रोज़गार व व्यापार के नए अवसर प्राप्त हो।

## 36 बिरादरी को दिया प्रभु परशुराम जन्मोत्सव का न्यौता

# आतंकी हमले का करार जवाब मिलेगा : शर्मा

- ब्राह्मण समाज ने किया सांसद कार्तिकेय शर्मा का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पंचकूला में आयोजित होने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव के कार्यक्रम का निमंत्रण देने के लिए राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा वीरवार को पानीपत की परशुराम धर्मशाला में पहुंचे। जहां पर ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश गौतम सहित समाज के लोगों द्वारा उनका फूल मालाएं डालकर व बुक्के देकर स्वागत किया गया।

सांसद कर्तिकेय शर्मा ने 27 अप्रैल को पंचकूला में होने वाले राज्य स्तरीय परशुराम जयंती कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर उपस्थित सभी 36 बिरादरी के लोगों को न्यौता दिया। इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी मुख्य अतिथि होंगे। इधर, ब्राह्मण समाज के प्रदेशाध्यक्ष सतीश गौतम सहित मौके पर मौजूद 36 बिरादरी के लोगों ने सांसद कार्तिकेय शर्मा को आश्वासन दिया कि भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के कार्यक्रम में पानीपत से हजारों लोग शामिल होंगे। दूसरी ओर, बैठक में मौन धारण कर आतंकी हमले में मारे गए लोगों के भावभीनी श्रद्धांजलि दी। जबकि सांसद शर्मा ने कहा कि आतंकी हमले का भारत अपने विरोधियों को करारा जवाब देगा, इसकी घोषणा स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करते हुए कहा कि ऐसी सजा देंगे जिसकी कल्पना भी आतंकियों व उनके साथ साजिश में शामिल लोगों ने नहीं की होगी।



**पानीपत।** सांसद कार्तिकेय शर्मा का स्वागत करते हुए ब्राह्मण समाज के प्रदेशाध्यक्ष सतीश गौतम आदि। **फोटो : हरिभूमि**

### ये रहे शामिल

बैठक के दौरान परशुराम धर्मशाला के प्रधान रामफल शर्मा, पंकज शर्मा, नेहा शर्मा, सुमित भारद्वाज सिवाह, दीपक शर्मा, बबलू शर्मा सिवाह, राजेश भारद्वाज, अंकुर शर्मा, डॉ सतबीर शर्मा, नरेश कालखा, प्रदीप कवि, जेई ईश्वर शर्मा, योगेश शर्मा, बिल्लू, जसमेर शर्मा, नेहा शर्मा, रामफल शर्मा समेत छत्तीस बिरादरी के लोग शामिल थे।

# विदेश भेजने के नाम पर व्यक्ति से ठगे साढ़े छह लाख रुपये

- आरोपी ने न विदेश भेजा और न पैसे मांगने पर वापस दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

विदेश भेजने के नाम पर बसंत विहार कॉलोनी निवासी राजेश कुमार से साढ़े छह लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप अमन कुमार नामक युवक पर लगा है। राजेश कुमार अपने लड़के अभिषेक को रोजगार के लिए विदेश भेजना चाहता था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी अमन कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार बसंत विहार रटौली निवासी राजेश कुमार ने बताया कि उसका लड़का अभिषेक पढ़ाई पूरी करके रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात अमन कुमार के साथ हुई। आरोपी ने उसे कहा कि वह लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। वह उसके लड़के को रोजगार के लिए विदेश भेज देगा। जहां पर वह अच्छे पैसे कमा सकता है। वह आरोपी की बातों में आ गया। आरोपी ने उसे उसके लड़के को विदेश भेजने के लिए साढ़े छह लाख रुपये का खर्च आने की बात कही। उसने आरोपी पर विश्वास करके उसे 29 जून 2024 को साढ़े छह लाख रुपये दे दिए। मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी ने उसके लड़के को विदेश नहीं भेजा। जब उसने आरोपी से इस बारे बात की तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपी से अपने पैसे वापस मांगे मगर उसने पैसे देने से मना कर दिया।

# गर्मी और हीटवेव से बचाव को तैयार रहें सभी विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मौसम में प्रतिदिन गर्मी बढ़ने से तापमान में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। जिसके चलते संबंधित विभागों के अधिकारी समय रहते आवश्यक प्रबंध करना सुनिश्चित करें। ताकि गर्मी के मौसम में किसी प्रकार की परेशानी न हो सके। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने गर्मी के मौसम में हीट वेव व हीट स्ट्रोक से बचाव को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि सभी विभाग गर्मी व हीट वेव से बचाव के लिए पूरी तैयारियां व प्रबंध सुनिश्चित करें। उन्होंने ग्रामीण विकास व विकास एवं पंचायत, पंचायती राज संस्थाओं को निर्देश दिए कि वे मनरेगा श्रमिकों के लिए दिन के समय अत्यधिक गर्मी से बचने के लिए विशेष कार्य योजना तैयार करें। औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए भी गर्मी से बचाव के लिए काम के समय का शेड्यूल निर्धारित किया जाए।

- बिजली कटौती की एक दिन पूर्व दें सूचना, पर्याप्त बैकअप की भी की हो व्यवस्था
- वाटर टैकों व तालाबों को क्षमता के अनुसार भरा जाए, नालों की सफाई करवाएं, आमजन को हटीवेव के बारे में नियमित रूप से जागरूक करें अधिकारी
- औद्योगिक श्रमिकों के लिए गर्मी से बचाव को काम का शेड्यूल किया जाए निर्धारित दिन के समय मनरेगा मजदूरों को गर्मी से बचाव के लिए भी कार्ययोजना तैयार करें संबंधित अधिकारी

## ओआरएस और दवा इत्यादि के करें पुख्ता प्रबंधः उपायुक्त

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ओआरएस व अन्य जरूरी दवाओं की आपूर्ति की पूर्व स्थिति का अवलोकन करें। सभी स्वास्थ्य संस्थानों में ओआरएस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बिजली कटौती के दौरान पावर बैकअप का प्रावधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहरी स्थानीय निकाय के अधिकारियों को निर्देश दिए कि हीट अलर्ट और एहतियाती उपाय बारे आमजन को जागरूक करें।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बिजली विभाग के अधिकारियों को ऊर्जा संरक्षण बारे लोगों में जागरूकता पैदा करने, संवेदनशील क्षेत्रों और जनसंख्या के आधार पर बिजली कटौती के लिए नीति बनाने, अत्यधिक गर्मी के दौरान बिजली की कटौती बारे एक दिन पहले सूचना देने, विभाग



- डीसी के अधिकारियों को निर्देश

के कर्मियों के लिए गाइडलाइन जारी करने, जनस्वास्थ्य, कृषि व स्वास्थ्य संबंधी संस्थानों के लिए पावर बैकअप का उचित प्रावधान करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सिंचाई और जल संसाधन विभाग को नालों की सिल्टिंग और रखरखाव वाटर वर्क्स टैंकों की क्षमता और तालाबों को भरने पेयजल आपूर्ति की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पशुपालन और डेयरी विभाग के अधिकारियों को पशुओं को लू से बचाने के लिए पशुपालकों के बीच जागरूकता पैदा करने की हिदायतें दी।



## अक्षय मिस्टर और राखी मिस फाइनल बनी

राद़ौर। मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में वीरवार को बीए तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई पार्टी दी गई। प्राचार्या डॉ.माला शर्मा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अक्षय कुमार को मिस्टर फाइनल व राखी को मिस फाइनल चुना गया। प्राचार्या ने कहा कि ये पुरानी परंपरा है व इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच आपसी प्रेम व सहयोग को बढ़ाना है। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने उत्साह दिखाते हुए अपनी अलग-अलग प्रस्तुतियां भी दी। स्टाफ सदस्यों ने फाइनल वर्ष के विद्यार्थियों को आने वाली परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दी तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने इस भव्य विदाई पार्टी के आयोजन के लिए द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों का धन्यवाद किया। मौके पर डॉ.महेंद्र सिंह, डॉ.रीचा सीकरी, प्रो.नवीन भारद्वाज, प्रो.पिंकी, प्रो.नीतू कांबोज, प्रो.जयचंद, प्रो.बंटी कुमार, प्रो.आशीष व प्रो.सिमरन इत्यादि मौजूद रहे।

- मुकंदलाल नेशनल कॉलेज में विदाई पार्टी का आयोजन

## खबर संक्षेप

### पंचायती भूमि पर खड़े खैर के पांच पेड़ चोरी

**यमुनानगर।** गांव भीलपुरा की पंचायती भूमि पर खड़े खैर के पांच पेड़कर काटकर चोरी कर लिए गए। पुलिस ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। बीडीपीओ सचेत मित्तल ने बताया कि गांव भीलपुरा की पंचायती भूमि पर खैर के पेड़ लगे हुए हैं। उसे सूचना मिली थी कि किसी ने पंचायती भूमि पर खड़े खैर के पेड़ काटकर चोरी कर लिए हैं। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके का मुआयना किया। पंचायती भूमि से खड़े खैर के पांच पेड़ कटे मिले।

### शिविर में एकत्रित हुआ 168 यूनिट रक्त



**यमुनानगर।** संत निरंकारी सत्संग भवन में वीरवार को मानव एकता दिवस मनाया गया। रक्तदान शिविर में 168 निरंकारी श्रद्धालुओं ने रक्तदान किया। जिसका शुभारंभ महात्मा गुरुबख्श सिंह, संयोजक महात्मा बलदेव सिंह व क्षेत्रीय संचालक विक्रम गांधी ने किया। मुकंद लाल नागरिक अस्पताल की टीम ने रक्तदाताओं से 168 यूनिट रक्त एकत्रित किया। संयोजक महात्मा बलदेव सिंह ने बताया कि प्रति वर्ष 24 अप्रैल को बाबा गुरबचन सिंह की स्मृति में मानव एकता दिवस मनाया जाता है।

### पानी जीवन की महत्वपूर्ण प्रेरक शक्तिः रजनी गोयल



**यमुनानगर।** जनस्वास्थ्य एवं स्वच्छता सहयोग संगठन के रूप से वीरवार को पंचायती राज दिवस पर ग्राम पंचायत नया गांव में जल संरक्षण एवं जल जनित रोगों के बारे जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रुप में विभाग की जिला सलाहाकार रजनी गोयल ने भाग लिया व लोगों को जलसंरक्षण करने के लिए शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं का 73वां संविधान संशोधन अधिनियम आज के दिन ही लागू हुआ था। जिसका मुख्य उद्देश्य पंचायती राज व्यवस्था की मजबूती को प्रोत्साहित करना और ग्रामीण विकास में पंचायतों की भूमिका को सराहना है।

## स्टॉर्म वाटर ड्रेन प्रोजेक्ट के पूरा होने से नहीं रहेगी जलभराव की समस्या: सिन्हा

# अमृत स्कीम के तहत 11.84 करोड़ की लागत से नया प्रोजेक्ट हुआ शुरू

**योजना के तहत अब डाली जाएगी 270 मीटर लंबी आरसीसी पाइप, गुलाब नगर के पास निजी प्रॉपर्टी व रेलवे के काम के चलते रुका हुआ था काम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ट्विन सिटी में बरसाती पानी की निकासी के लिए नगर निगम द्वारा अमृत स्कीम के तहत स्टॉर्म वाटर पाइप लाइन डालने का रुका हुआ काम दो सप्ताह के भीतर शुरू हो जाएगा। करीब 11.84 करोड़ की लागत से डाली जा रही स्टॉर्म वाटर ड्रेन का काम बाइपास पुल के नीचे गुलाब नगर के पास प्राइवेट जमीन होने और रेलवे लाइन की वजह से रुका हुआ था। जिसका नगर निगम ने समाधान निकाल लिया है। बाईपास पुल के नीचे लगभग 270 मीटर लंबाई में आरसीसी पाइप डालने का कार्य किया जाना है। स्टॉर्म वाटर ड्रेन के यह पाइप जमीन के नीचे डाले जाएंगे। 70 मीटर में रेलवे द्वारा पाइप डालने का कार्य किया जाएगा। बाकी के एरिया में निगम द्वारा कार्य किया जाएगा। उक्त जानकारी निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने दी।

निगम आयुक्त सिन्हा ने बताया कि जगाधरी से आ रहा बड़ा नाला बरसाती सीजन में यमुनानगर की प्रोफेसर कॉलोनी, मॉडल टाउन, टैगोर गार्डन, लाजपत नगर समेत कई कालोनियों में जलभराव की वजह बनता है। बरसात के दिनों में क्षमता से अधिक पानी आने पर नाले से ओवरफ्लो होकर बाहर गलियों में बहता है। इस दिक्कत को दूर करने के लिए नाले के पानी को बांटने के लिए शहर के कन्हैया साहिब चौक से डिच ड्रेन तक नगर निगम द्वारा अमृत स्कीम के तहत स्टॉर्म वाटर पाइप लाइन डालने का कार्य शुरू किया था। ताकि जगाधरी से यमुनानगर में आकर नाले का पानी शहरी कालोनियों की ओर जा रहे नाले के साथ कन्हैया साहिब चौक से डायवर्ट होकर डिच ड्रेन में जा सके।

### आरसीसी पाइप लाइन डालने का काम पूरा



**यमुनानगर।** स्टॉर्म वाटर ड्रेन प्रोजेक्ट की जानकारी देते निगम आयुक्त आयुष सिन्हा।

निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि शहर के कन्हैया चौक से बाइपास पुल तक लगभग छह फुट चौड़ी आरसीसी पाइप लाइन डालने का कार्य पूरा किया जा चुका है। इसी तरह बाइपास पुल से डिच ड्रेन तक भी पाइप लाइन डाली जा चुकी है। बाईपास पुल के नीचे लगभग 270 मीटर पाइप लाइन डाली जानी है। जहां से पाइप लाइन निकाली जानी है। वहां पर कुछ प्राइवेट जमीन है। इसके अलावा रेलवे लाइन के नीचे से पाइप लाइन डाली जानी है। प्राइवेट जमीन को अधिग्रहित कर लिया गया है। जमीन के नीचे से आरसीसी पाइप लाइन डाली जाएगी। जिसका कार्य दो सप्ताह के भीतर किया जाएगा। जबकि रेलवे लाइन के नीचे से रेलवे की ओर से पाइप लाइन डालने का कार्य किया जाएगा। इसके लिए रेलवे को रुपये जमा करा रखें है। रेलवे की ओर से पहले टेंडर लगाया गया था। लेकिन ठेकेदार ने कार्य करने से मना कर दिया था। अब फिर रेलवे की ओर से टेंडर लगाया गया है। जल्द ही रेलवे की ओर से भी रेलवे लाइन के नीचे पाइप लाइन डालने का कार्य पूरा किया जाएगा। यह प्रोजेक्ट पूरा होने से बरसाती सीजन में शहर में होने वाले जलभराव से राहत मिलेगी। प्रोजेक्ट पूरा करने के साथ साथ शहर के नालों की सफाई का भी कार्य किया जाएगा।



**यमुनानगर।** साढ़ौरा क्षेत्र में नकटी नदी का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त।

### नकटी नदी के तटबंधों का डीसी ने लिया जायजा

**यमुनानगर।** बरसात के मौसम में साढ़ौरा क्षेत्र में बाढ़ का कहर बरपाने वाली नकटी नदी के तटबंधो का उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने वीरवार को दौरा कर जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समय रहते तटबंधो को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। वीरवार को डीसी ने अचानक साढ़ौरा के नजदीक लगती नकटी नदी के तटबंधों का जायजा लेने पहुंचे। बरसात के मौसम में नकटी नदी ओवर फ्लो होने के कारण साढौरा क्षेत्र में बाढ़ का कारण बनती है। कस्बा वासियों को बाढ़ के कारण काफी नुकसान का सामना करना पड़ता है। बरसात के दिनों में नकटी नदी से लोगों के घरों में पानी ना घुसे इसके लिए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा की और स्थिति का जायजा लिया।

- साढ़ौरा के पास नकटी नदी के तटबंधों का निरीक्षण करते हुए डीसी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

इस मौके पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने उपायुक्त को बताया की नकटी नदी की पटरी को पीछे हटाने से और नदी में खुदाई करके बाढ़ से बचा जा सकता है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को समय रहते बाढ़ से बचाव के उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने लोगों की समस्याएं सुनी और एसडीएम बिलासपुर व अन्य अधिकारियों को समुचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मौके पर एसडीएम बिलासपुर जसपाल सिंह गिल, डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार, नपा साढौरा के वाइस चेयरमैन देवेंद्र कुमार, बीडीपीओ कार्तिक चौहान, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता विनोद कुमार व नायब तहसीलदार कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित संगोष्ठी के उपरांत पौधरोपण करते सोसाइटी के सदस्य।

## प्राकृतिक संसाधनों पर हो रहा अतिक्रमण : भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में गुरू गोविंद फार्मेसी कॉलेज में हुआ संगोष्ठी का आयोजन

सोसाइटी ऑफ एनवायरनमेंट मैनेजमेंट एंड बायो रिसर्च द्वारा गुरु गोविंद सिंह फार्मेसी कॉलेज में विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में सोसाइटी के संरक्षक डॉ. आरके भारद्वाज उपस्थित हुए। इस दौरान पौधारोपण भी किया गया।

मुख्यातिथि डॉक्टर केआर भारद्वाज ने कहा कि विश्व पृथ्वी दिवस अब हर साल का एक वैश्विक आयोजन है। जो आम जनता को हमारी प्यारी धरती माता के बारे में जानने के लिए संवेदनशील और शिक्षित करता है। साथ ही इसकी सुंदरता और प्रचुरता के साथ-साथ महत्व और देश के सतत विकास के लिए इसकी सुरक्षा और संरक्षण की जरूरतों को भी बताता है। डॉ. भारद्वाज ने धरती माता की उत्पत्ति, इसकी आंतरिक संरचना और पृथ्वी पर प्राकृतिक संसाधनों की स्थिति से संबंधित अन्य सामाजिक और पर्यावरणीय संबंधित मुद्दों के बारे जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर निहित स्वार्थों द्वारा हमारे प्राकृतिक संसाधनों का तेजी से अतिक्रमण किया जा रहा है। जिसके परिणामस्वरूप हमने भूकंप, बाढ़, मिट्टी के कटाव, ज्वालामुखी, चक्रवात और हिमस्खलन जैसी भयानक आपदाओं के रूप में प्रकृति के प्रकोप और संकट को आमंत्रित किया है। जिससे जलवायु परिवर्तन जैसे अनियमित बारिश, सूखा, बादल फटना, ग्लोबल वार्मिंग और ओजोन परत की कमी आदि के रूप में तबाही हुई है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा पृथ्वी की सुरक्षा और संरक्षण के लिए नागरिकों की सोच को नया रूप देने और पुन निर्देशित करने का एक शक्तिशाली उपकरण है। मौके पर सोसाइटी के अध्यक्ष अशोक कुमार कक्कड़, गीता देसवाल, सुदेश कंबोज और पवन कुमार शर्मा इत्यादि मौजूद रहे।

## छात्रों को पंचायत गतिविधियों की दी जानकारी

- कलेसरा के सरपंच नरेंद्र कंबोज सिली कलां के सरपंच अंकित कुमार कार्यक्रम में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

स्वराज पब्लिक स्कूल रादौर में पंचायती राज दिवस के उपलक्ष में ग्राम पंचायतों की भूमिका व महत्व विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में सिली खुर्द ग्राम पंचायत के सरपंच नरेंद्र कांबोज, कलेसरा के सरपंच अंकित कुमार व सिली कलां ग्राम के सरपंच अरुण कांबोज ने संयुक्त रुप से भाग लिया।

मुख्यातिथि एवं सरपंच नरेंद्र कांबोज ने विद्यार्थियों को पंचायती राज के तीन स्तंभों ग्राम पंचायत, पंचायत समिति व जिला परिषद के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को ग्राम पंचायतों द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों के बारे में बताया और उन्हें अपने क्षेत्र के विकास में योगदान करने के लिए प्रेरित किया। पंच रविकांत ने विद्यार्थियों को ग्राम पंचायतों की भूमिका और महत्व के बारे में विस्तार से बताया। विद्यार्थियों के मन में अनेकों सवाल थे जैसे समस्या आने पर हमें सबसे पहले किसके पास जाना चाहिए। चुनाव कब और कैसे होता है। चुनाव क्यों किया जाना चाहिए। पंचायत में कितने मेंबर होते हैं। उन्होंने अपने गांव में क्या क्या सुविधा दी है और हम गांव को नशा मुक्त कैसे बना सकते हैं आदि प्रश्न किए। मौके पर सरपंचों ने विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर देकर उन्हें विस्तार से जानकारी दी। सरपंच अरुण कांबोज ने कुछ प्रश्नों के उत्तर नायक फिल्म का उदाहरण देकर समझाने का प्रयास किया। स्कूल की प्रधानाचार्य पूजा जोली कालरा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को पंचायती राज की महत्ता से अवगत कराना और उन्हें अपने क्षेत्र के विकास में योगदान करने के लिए प्रेरित करना रहा। विद्यार्थियों ने मौके पर अपने विचार और सुझाव भी सांझा किए। विद्यालय की प्रधानाचार्य ने सभी सरपंच व पंच को उपहार देकर सम्मानित किया।



**रादौर।** स्वराज पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्रश्न पूछते हुए विद्यार्थी।

## जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए स्किल का होना जरूरी : डॉ.कौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

डीएवी गर्ल्स कॉलेज के इंक्यूबेशनन स्किल डेवलपमेंट व इंप्लॉइमेंट जेनरेशन सेल की ओर से छात्राओं को एक महीने के स्किल कोर्स करवाए गए। अध्यक्षता कॉलेज की कार्यवाह प्राचार्या डॉ.सुरिंद्र कौर व स्किल डवलपमेंट व इंप्लॉइमेंट जनरेशन सेल की कनवीनर डॉ.अनिता मोदगिल ने की।

फाइन आर्ट विभाग ने स्कैचिंग एंड पेंटिंग, जनसंचार विभाग ने रेडियो जॉकी एंड न्यूज एकरिंग, अंग्रेजी विभाग ने कम्यूनिकेशन स्किल व पर्सनलिटी डेवलपमेंट, योग विभाग ने सूर्य नमस्कार, रूप सज्जा विभाग ने सेल्फ ग्रूमिंग,ए कंप्यूटर साइंस विभाग ने डिजिटल बिल्डर्स वेब डवलपमेंट फंडामेंटल, वर्क स्मार्टर विद माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस तथा फैशन डिजाइनिंग विभाग ने छात्राओं में ट्रेडिशनल आर्ट की स्किल डवलप की।

डॉ.सुरिंद्र कौर ने कहा कि विभिन्न कोर्सिज के जरिए छात्राओं को स्किल डवलपमेंट करने का मौका मिला है। एक स्किल सीखने के बाद स्वयं को दूसरी स्किल सीखने के लिए भी तैयार करें। जीवन में कोई भी स्किल हमें बुलंदियों पर ले जा सकती है। विभिन्न स्किल सीखने के बाद छात्राओं ने डेमो भी दिए।



**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज कार्यक्रम के प्रतिभागियों को सम्मानित करते अतिथि



### सफलता के लिए भावनात्मक बुद्धिमता जरूरी : शर्मा

**रादौर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में वीरवार को छात्रों के लिए विशेषज्ञ सत्र का आयोजन किया गया। जिसका विषय हीलिंग एंड ग्रोथ छात्रों के जीवन में इमोशनल ब्रेकडाउन से निपटना रहा। सत्र का संचालन संस्थापक फिनिक्स इंटरवेंशन केंद्र दिल्ली की संस्थापक सुश्री मोनिका शर्मा ने किया। उन्होंने छात्रों के जीवन में बढ़ते भावनात्मक तनाव व मानसिक दबाव पर प्रकाश डाला। आज के समय में छात्रों को शैक्षणिक दबाव, संबंधों में खिंचाव, डिजिटल दुनिया के प्रभाव जैसे कारणों से इमोशनल ब्रेकडाउन का सामना करना पड़ रहा है। जिससे निपटने के लिए पाँच प्रभावशाली हीलिंग टूल्स सांझा किए। उन्होंने कहा कि शरीर को सक्रिय रखें, अपने विचारों को लिखें, किसी विश्वसनीय व्यक्ति से बात करें, डिजिटल डिटॉक्स करें तथा अपनी भावनाओं को नाम दें। भावनात्मक बुद्धिमत्ता बौद्धिक बुद्धिमत्ता की तुलना में जीवन में सफलता के लिए अधिक महत्वपूर्ण है। जहाँ वे एक-दूसरे की भावनाओं को समझ सकें और साथ मिलकर समाधान ढूंढ सकें। निदेशक डॉ.एसके गर्ग ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य शारीरिक स्वास्थ्य से अधिक महत्वपूर्ण है।

- जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज विशेषज्ञ सत्र का किया गया आयोजन

## रोटरी व महाराणा प्रताप पार्क एसो. की शोक सभा

# मौन रखकर मृतकों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

महाराणा प्रताप पार्क एसोसिएशन व रोटरी क्लब रादौर द्वारा संयुक्त रुप से पार्क में शौक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान पहलगांव में आतंकी हमले में मौत का शिकार हुए मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनटा का मौन धारण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी गई।

रोटेरियन मनोज चौधरी ने कहा कि पहलगांव में आतंकवादियों ने जो घिनौनी करतूत की है। उससे पूरा विश्व स्तब्ध रह गया है। इस घटना की जितनी निंदा की जाए वह बहुत कम है। उन्होंने आतंकी हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। रोटेरियन मनोज चौधरी व अन्य क्लब के सदस्यों ने कहा कि पहलगांव में जो अमानवीय हमला हुआ है वह इंसानियत के साथ किया गया घोर अपराध है। उन्होंने कहा कि आतंकी हमले के दोषियों को सरकार द्वारा कड़ा सबक सिखाया जाना बेहद जरुरी है। क्लब सदस्यों ने कहा कि आतंकियों ने जिस तरह से पर्यटकों पर हमला किया है। अब भारत सरकार को इसका ऐसा जवाब देना चाहिए कि आने वाली उनकी नस्लें याद रखें। इन आतंकियों का पूरी तरह से सफाया किया जाना बेहद जरूरी है। ताकि भविष्य में यहां ऐसा कोई अपराध करने की सोच भी ना रख सके। रोटरी क्लब व महाराणा प्रताप पार्क एसोसिएशन के सदस्यों ने केंद्र सरकार से इस हमले में मारे गए लोगों के परिवारों को उचित मुआवज दिए जाने और कश्मीर में सुरक्षा प्रबंध और मजबूत किए जाने व आतंकवादियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की। इस अवसर पर गोली बंसल, सन्नी, विकास सचदेवा, अनिल गुप्ता, ओमप्रकाश आदि ने भी अपने विचार रखे।



**रादौर।** शोक सभा में आतंकी हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए मौन धारण करते हुए रोटरी क्लब के सदस्य।



### सालवन में 9 मई को मनेगी महाराण प्रताप जयंती

**रादौर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के सदस्यों की बैठक रादौर में जिला प्रधान गुरदीप राणा की अध्यक्षता में हुई। जिसमे एडवोकेट नरेंद्र राणा भी शामिल हुए। गुरदीप राणा ने बताया कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर नौ मई को करनाल के गांव सालवन में जिलास्तरीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश भर से हजारों की संख्या में सर्व समाज के लोग भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में महाराणा प्रताप की जयंती समारोह को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं के विचार विमर्श कर रणनीति बनाई गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां लगाकर उन्हें गांव गांव जाकर लोगों को जयंती समारोह में पहुंचने के लिए आमंत्रित करने का आहवान किया गया। उन्होंने बताया कि जयंती समारोह को लेकर 27 अप्रैल को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित कर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिलास्तरीय बैठक में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर भाग लेंगे। इस अवसर पर जनक सिंह राणा, प्रदीप चौहान पूर्व सरपंच कमालपुर, अनिल चौहान, अशोक राणा, सुरेंद्र राणा व घनश्याम राणा आदि मौजूद रहे।

- क्षत्रिय सभा की रादौर में हुई जिला स्तरीय बैठक में लिया गया फैसला, पदाधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

# आतंकियों के हमले में पर्यटकों की मौत से हरियाणाा में भी गुस्से की लहर

- लोग बोले, आतंकियों के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई, केंद्र सरकार उठाए सख्त कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकियों का हमला और हमले में पर्यटकों की मौत से पूरे देश में गुस्से की लहर है। देशवासियों ने इस हमले को कायरतापूर्ण करार दिया और मांग की कि आतंकियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि दोबारा से वे ऐसा दुस्साहस ना कर सकें।

### जघन्य अपराध : सचिन गुप्ता



*पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के अधिवक्ता सचिन गुप्ता एडवोकेट ने पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि यह जघन्य अपराध है। आतंकी हमले में पर्यटकों की मौत से पूरा देश सन्न है। भारत सरकार को तुरंत इस दिशा में कठोर कदम उठाने चाहिए।*

### आतंकियों का हमला घिनौना : सुरेंद्र सैनी



*कांग्रेस नेता सुरेंद्र सैनी ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों द्वारा की गई कार्रवाई घिनौनी और दर्दनाक है। उन्होंने इस हमले को कायरतापूर्ण करार दिया और कहा कि जिस तरीके से बेगुनाहों और मासूमों को मौत के घाट उतारा गया, उसी तरीके से आतंकियों के खिलाफ सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए।*

### आतंकियों को ना बख्शा जाए : चुघ



*नगर पार्षद सुधीर चुघ ने हमले की निंदा करते हुए कहा कि आतंकियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए। पुलवामा के बाद पहलगाम में आतंकियों की यह कार्रवाई देशवासियों के लिए एक बहुत बड़ा आघात है। इस घटना पर केंद्र सरकार सख्ती दिखाते हुए कार्रवाई करे।*

### ठोस कदम उठाए सरकार : रीना



*आल इंडिया महासभा हरियाणा इकाई की प्रदेश अध्यक्ष रीना बाल्मीकि ने कहा कि पहलगाम में पर्यटकों पर हमला घिनौनी हरकत है। हमले में अपनों को खोने का भ्रम है। उन्होंने इस कायरतापूर्ण कार्रवाई की निंदा करते हुए कहा कि सरकार सख्त कदम उठाए ताकि देश के अंदर से आतंकियों का खात्मा हो सके।*

### धर्म पूछ कर हत्या करना साजिश : बवेजा



*कांग्रेस नेता मधुसूदन बवेजा ने पर्यटकों की आतंकियों द्वारा हमले की निंदा करते हुए कहा कि निहत्थे पर्यटकों पर उनका धर्म व जाति पूछ कर गोली मारी गई, जो सबसे बड़ी साजिश है और पाकिस्तान इस साजिश का हिस्सा है। अब समय आ गया है कि केंद्र सरकार इस साजिश का सख्ती से बदला ले।*

### पर्यटकों पर हमला बर्बरतापूर्ण : गोयल



*आप पार्टी लीगल सैल के प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर लाल गोयल ने कहा कि पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर बर्बरतापूर्ण कार्रवाई है। धर्म पूछ कर जिस तरीके से पर्यटकों को निशाना बनाया गया, वह निदंनीय है। इस दिशा में सरकार को सख्त कदम उठाने चाहिए।*

### सख्ती का प्रयोग करे सरकार : गुलशन



*समाजसेवी गुलशन ग्रोवर का कहना है कि पहलगाम में आतंकियों का हमला एक सोची समझी चाल है। सरकार को चाहिए कि वह आतंकवाद को समाप्त कर सख्ती का प्रयोग करे ताकि दोबारा ऐसा करने का कोई भी दुस्साहस ना कर सकें।*

**खबर संक्षेप**

### पंचायतें ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की धूरी



**कुरुक्षेत्र।** मेरा युवा भारत-नेहरू युवा केंद्र, कुरुक्षेत्र द्वारा ग्राम पंचायतो के सहयोग से जिले के सभी खंडो में राष्ट्रीय पंचायत दिवस का आयोजन करवाया गया। यह दिन पंचायती राज प्रणाली की उपलब्धियों को मनाने और इसके महत्व को रेखांकित करने का अवसर है। इस दिन, पंचायतों को अधिक सशक्त बनाने के लिए नए कार्यक्रमों और पहलों की शुरूआत की जाती है। पंचायतें ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की धुरी हैं।

### इंदू को जिला उप शिक्षा अधिकारी बनने पर बधाई



**कुरुक्षेत्र।** खंड शिक्षा अधिकारी थानेसर इंदू कौशिक को पदोन्नत होकर जिला उप शिक्षा अधिकारी कुरुक्षेत्र बनने पर राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ थानेसर के सदस्यों ने पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी और संगठन की ओर से शिष्टाचारक भेंट की। जानकारी देते हुए प्राथमिक शिक्षक संघ थानेसर के प्रधान नरेश फूले व संरक्षक नरेश नैयर ने बताया कि इंदू कौशिक ने खंड शिक्षा अधिकारी थानेसर रहते हुए अध्यापकों के हित के लिए बहुत कार्य किए। उनके कार्यकाल के दौरान अध्यापकों व विद्यालय में कोई परेशानी नहीं हुई।

### एजेंसियों ने 55 प्रतिशत लिफ्टिंग कार्य किया पूरा

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि सभी एसडीएम गेहूं के सीजन के दौरान नियमित रूप से मंडियों का निरीक्षण करेंगे और गेहूं के उठान कार्य को तेज गति के साथ करवाना सुनिश्चित करेंगे। इस मामलें में जरा सी भी लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। इस सीजन में 23 अप्रैल तक विभिन्न एजेंसियों द्वारा 5 लाख 17 हजार 546 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया है। इसमें से 55 प्रतिशत लिफ्टिंग का कार्य हुआ है। उपायुक्त नेहा सिंह ने सभी एसडीएम को निर्देश जारी करते हुए कहा कि किसानों और व्यापारियों की सुविधा के लिए गेहूं के उठान कार्य में अभी और तेजी लाने की जरूरत है। जब एजेंसियां तेज गति के साथ लिफ्टिंग का कार्य करेंगी तब मंडियों में खरीद कार्य सुचारू रूप से चल सकेगा।

## पाकिस्तान मुदार्बाद के जमकर लगाए नारे, जलाया पुतला

# दुकानदारों ने पाकिस्तान के खिलाफ किया रोष प्रदर्शन, दुकानें की बंद

- धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों व भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

लाडवा की सभी धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों व दुकानदारों द्वारा जन्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों की आंतकवादियों द्वारा जो हत्या की गई उसके विरोध में पाकिस्तान के खिलाफ न केवल सुबह 9 बजे से लेकर 11 बजे तक पूरे शहर की दुकानों को बंद रखा गया, रोष प्रदर्शन भी किया गया। रोष प्रदर्शन शहर के महाराजा अग्रसेन चौक से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए वापिस पाकिस्तान के पुतले के दहन के साथ महाराजा अग्रसेन चौक पर संपन्न हुआ। दुकानदारों ने कहा कि आतंकवादियों ने जो हमारे भारतीय लोगों के साथ किया है उसका बदला हमारा देश उनसे जरूर लेकर हटेगा। इससे पूर्व रोष प्रदर्शन में भारी संख्या में अनेक शहर की धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों व भारी संख्या में दुकानदारों ने भाग लिया। रोष प्रदर्शन के अंत में शहर के महाराजा अग्रसेन चौंक पर भारी संख्या में लोगों द्वारा पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाए गए। वही पाकिस्तान का पुतला भी जलाया गया।



लाडवा। रोष प्रदर्शन निकालते दुकानदार।



### टाइपिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन ने किया कार्य स्थगित

**कुरुक्षेत्र।** टाइपिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन कुरुक्षेत्र ने पहलगाम जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले की निंदा के लिए दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक कोर्ट परिसर में कार्य स्थगित रखा व किसी प्रकार का कोई कार्य नहीं किया। शाम 5 बजे सभी टाइपिस्ट इकट्ठा होकर आतंकी हमले में मारे गए सभी पर्यटको की आत्मिक शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर परमात्मा से प्रार्थना की।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर मेवाराम बाजीगर सुल्तानी खुर्द, प्रधान, बलबीर सिंह कमोदा उपप्रधान, दलीप कुमार दबखेड़ी सचिव, कुलभूषण सैनी कोषाध्यक्ष और बंसीलाल सैनी सहायक सचिव और रवि उदारसी सलाहकार, अरुण कुमार सिंगला संरक्षण व अन्य टाइपिस्ट उपस्थित रहे।

## भागवत कथा में सुनाया राजा परीक्षित एवं कलयुग संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर



श्रीगो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित आरके एन्क्लेव, पटियाला बैंक कॉलोनी में श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर संस्था अध्यक्ष भागवत प्रवक्ता कथावाचक अनिल शास्त्री ने उपस्थित श्रोताओं को बताया कि एक दिन की बात है, राजा परीक्षित शिकार के लिए जंगल गए। वहां उन्होंने देखा कि एक बैल और एक गाय आपस में कुछ बातें कर रहे हैं। भागवत पुराण में बताया गया है कि धर्म के देवता बैल रूप में और पृथ्वी देवी गाय के रूप में वहां मौजूद थी। तभी राजा परीक्षित ने देखा कि एक मुकुट पहना व्यक्ति धर्म रूपी बैल को डंडे से पीट रहा है। और गाय को लात मार रहा है। कथावाचक अनिल शास्त्री ने बताया कि गाय और बैल को इस तरह पीटता देख राजा परीक्षित क्रोधित हो उठे और पास आकर बोले, पापी! तुम इन दोनों को क्यों मार रहे हो, रे पापी तू कौन है। मेरे राज्य में तुम्हे ऐसा करने का साहस कैसे हुआ? मैं इसकी सजा तुम्हें अवश्य दूंगा।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष जिला परिषद धर्मपाल चौधरी ने व्यास पूजन किया एवं व्यास पीठ से आशीर्वाद प्राप्त किया। आरती में शामिल उमेश साहनी, रिंकू शाक्या,वीरेंद्र बराङ, अर्जुन पासवान, सुनील कुमार, दिलीप राय, बाबु राम, प्रभु दयाल पासी, कमलेश शाक्या, किरण, गीता, अरुणा, सरोज, फूलवती, रोशनी, वंदना, एवं अन्य सैकड़ों महिलाओं उपस्थित रही।

### सरकार ने किसानों के लिए खोला क्षतिपूर्ति पोर्टल : डीसी

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि सरकार ने किसानों के लिए राजस्व विभाग के क्षतिपूर्ति पोर्टल को खोल दिया है। इस पोर्टल पर सम्बन्धित गांव के किसान नुकसान के ब्यौरे को अपलोड कर सकते है। उपायुक्त नेहा सिंह ने वीरवार को बातचीत करते हुए कहा कि पिछले शुक्रवार को देर रात्रि तेज हवा और तूफान के कारण जिन-जिन गांवों में आग लगी थी और इस आगजनी के कारण फसलों व अन्य नुकसान हुआ है। इन गांवों के किसान अपने नुकसान का ब्यौरा सरकार के राजस्व विभाग के क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दे सकता है। यह क्षतिपूर्ति पोर्टल वीरवार से खोल दिया गया है। जिला राजस्व अधिकारी चेतना चौधरी ने कहा कि यह पोर्टल केवल उन गांवों के लिए खोला गया है, जिन गांवों में तेज आंधी के कारण आग लगने से नुकसान हुआ है।



### मेरा गांव मेरी धरोहर पुस्तक में गांव की अध्यात्मिक विरासत संजोना अनूठा प्रयास

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि मेरा गांव-मेरी धरोहर पुस्तक में गांवों की आध्यात्मिक विरासत को संजोने का एक अनूठा प्रयास किया गया है। प्रत्येक जिले के एक गांव की एक ऐसी कहानी चुनी है, जो उस गांव के धार्मिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक गौरव को दर्शाती है। इन 22 कहानियों को मेरा गांव मेरी धरोहर पुस्तक में संकलित किया गया है। यह पुस्तक हरियाणा की ग्रामीण धरोहर को देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत करेगी। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ग्राम पंचायत खेडी मारकंडा में राष्टद्रीय पंचायती राज दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले ऑन लाइन प्रणाली से पंचकुला से राज्य स्तरीय ग्राम उत्थान समारोह के कार्यक्रम को देखा। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में पंचायतों को 368 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। पूर्व राज्यमंत्री सुधा ने गांव खेडी मारकंडा में 3 लाख रुपए की लागत से फिरनी की 12 लाइटों का उदघाटन करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार ने गांवों का चंहुमुखी विकास किया है।


## सरकारी स्कूलों के सवार्गीण विकास में कोई कमी नहीं रहेगी : कंवलजीत कौर

- जिला परिषद की चेयरपर्सन का सम्मान समारोह आयोजित
- मंच संचालन अशोक कुमार ने किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



पिहोवा के सैकड़ो अध्यापको द्वारा सरकारी विद्यालयो मे करवाए गए विकास कार्यो के उपलक्ष्य मे जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर का सम्मान समारोह किया गया। इसमें मुख्य अतिथि जिला परिषद कुरुक्षेत्र चेयरपर्सन कंवलजीत कौर रही। विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी रामराज कौशिक व जिला परिषद के अकाउंट आफिसर सत्यभूषण रहे। कार्यक्रम में पहुंचने पर मेहमानो का स्वागत मुख्य शिक्षक पवन मित्तल, संदीप कुमार, राजेश कुमार, जसबीर सैनी, दिनेश भाटिया ने फूलमाला डाल कर किया। मंच का संचालन अध्यापक अशोक कुमार ने किया। जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने सरकारी विद्यालय मे पढ़ने वाले बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज सरकारी विद्यालय के बच्चे भी किसी प्राइवेट विद्यालय से पीछे नही है। सरकारी स्कूलों के बच्चों मे टैलेंट की कोई कमी नही है। उन्होने कहा कि सरकारी विद्यालयो के सवार्गीण विकास के लिए धन की कोई कमी नही है। पिहोवा हल्का मेरा अपना घर है और यहां के सभी अध्यापक मेरे परिवार का हिस्सा है। उन्होने कहा कि पिहोवा हल्के के ज्यादातर प्राथमिक विद्यालयों मे कम्प्यूटर, प्रिंटर, साउड सिस्टम दिए जा चुके है और सिविल वर्क कार्य भी चले हुए है। उन्होने कहा कि विद्यालय मांग के अनुसार बच्चों के हित में जो भी डिमांड की गई है, उन सभी को पूरा करने की घोषणा की। उसके पश्चात पिहोवा हल्के के सैकडो अध्यापको ने चेयरपर्सन कंवलजीत कौर को मोमेंटो व शाल ओढ़ा कर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर जिला परिषद के लेखाधिकारी सत्य भूषण, परमजीत सिंह, कृष्ण बटेडी, नरेंद्र रोहिला, रमेश रंगा, गुरनाम सिंह, सतपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



### एनआईटी कुरुक्षेत्र में पूर्व छात्र प्रकोष्ठ ने संगोष्ठी का किया आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र के पूर्व छात्र प्रकोष्ठ द्वारा सीनेट हॉल में 'पूर्व छात्र संगोष्ठी' नामक व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एनआईटी कुरुक्षेत्र के निदेशक प्रो. बी.वी. रमना रेड्डी, डीन छात्र कल्याण और प्रोफेसर इंचार्ज पूर्व छात्र प्रकोष्ठ प्रो. प्रतिभा अग्रवाल, प्रो. दीक्षित गर्ग, संकाय सदस्य और वर्तमान छात्र शामिल हुए। संकाय प्रभारी पूर्व छात्र डा यशश्चंद्र द्विवेदी ने कार्यक्रम की वक्ता सुश्री शोभना बंसल का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया और संस्थान में पूर्व छात्र प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित वर्ष भर की गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में संस्थान की पूर्व छात्रा सुश्री शोभना बंसल ने एक प्रेरक व्याख्यान प्रस्तुत किया। सुश्री शोभना बंसल एनआईटी कुरुक्षेत्र के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की 1995-1999 बैच की पूर्व छात्रा हैं तथा उनका सूचना प्रौद्योगिकी और सेवा उद्योग में काम करने का उनका एक सफल इतिहास रहा है। उन्होंने एज्योर आर्किटेक्चर, स्ट्रेटेजिक कंसल्टिंग, एजाइल एनालिटिक्स और ग्लोबल डिलीवरी में काम किया है। वह एक प्रसिद्ध सूचना प्रौद्योगिकी पेशेवर हैं। उन्होंने इंडियाना यूनिवर्सिटी ब्लूमिंगटन से बिजनेस एनालिटिक्स में शिक्षा अर्जित की है । आपने व्याख्यान की शुरूआत में, सुश्री शोभना बंसल ने करियर विकास में अपनी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की, संस्थान की सीखने और ज्ञान-साझा करने की मजबूत परंपरा पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपनी पेशेवर यात्रा को याद करके छात्रों को प्रेरित किया। सुश्री बंसल ने श्रोताओं को अपनी सीमित मान्यताओं को दूर करने और अन्वेषण की भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने सुनिश्चित सफलता में योगदान देने वाले प्रमुख सिद्धांतों को स्पष्ट किया।

## केयू में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 28-29 को, राज्यपाल करेंगे शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में कुवि के श्रीमद्भगवद्गीता सदन (ऑडिटोरियम) में 28 व 29 अप्रैल 2025 को राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद, हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक शिक्षा में परिवर्तन विकसित भारत 2047 की दिशा में विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि इस सम्मेलन का उद्घाटन हरियाणा के राज्यपाल एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय बतौर मुख्यातिथि करेंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने संबंधित अधिकारियों को अहम दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि सम्मेलन में शिक्षा सचिव, हरियाणा सरकार, राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. पंकज अरोड़ा, हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. कैलाश चन्द्र शर्मा, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, एनसीटीई के सदस्य सचिव, एनआरसी के अध्यक्ष प्रो. एचसीएस राठौड़, एसआरसी के अध्यक्ष डॉ. मीना आर चंदावरकर, ईआरसी के अध्यक्ष डॉ. दिब्याज्योति महंत, डब्ल्यूआरसी के अध्यक्ष प्रो. शैलेश एन जाला एवं उत्तर क्षेत्र से आए सभी कुलपति एवं शिक्षा जगत के बुद्धिजीवी विकसित भारत 2047 की दिशा में शिक्षक शिक्षा में परिवर्तन को लेकर मंथन करेंगे।

**जागरूकता** | भारतीय किसान संघ जिला कुरुक्षेत्र कार्यकारिणी की छोटी टोली की बैठक आयोजित

# जहरीली खेती छोड़ने पर ही अस्पतालों में भीड़ कम होगी : सुरेंद्र

- जैविक खेती को करने के लाभों पर चर्चा की गई
- पहलगाम के निकट हुए नरसंहार की कड़े शब्दों में निंदा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



भारतीय किसान संघ जिला कुरुक्षेत्र कार्यकारिणी की छोटी टोली की बैठक गुरुकुल कुरुक्षेत्र में हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दीपक ने की। भारतीय किसान संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुरेंद्र, महामंत्री रामबीर सिंह और द्विविभाग संगठन मंत्री डॉ विजय गौड मुख्य वक्ता रहे। बैठक का शुभारंभ जिला मंत्री रामकुमार ने सभी का स्वागत करके किया। इसके बाद सुरेंद्र ने भारतीय किसान संघ की तरफ से कश्मीर में पहलगाम के निकट हुए नरसंहार की कड़े शब्दों में निंदा की व मृतको को श्रद्धांजलि भेंट की। इस के साथ साथ किसान भाइयों की जैविक खेती को करने के लाभों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा हमे अपनी रसोई के खाद्य पदार्थों को सही करना चाहिए। ये तभी संभव है, जब किसान जहर मुक्त खेती करे। जहरीली खेती को छोड़ने पर ही हॉस्पिटलों में भीड़ कम होगी। हमारे लिए अपना खानपान सुधारना बहुत जरूरी है। अपनी अगली पीढ़ी को बचाना है, तो राष्ट्र प्रेम की भावना के साथ साथ अपनी मिटी को बचाना व इसमें सुधार करना बहुत जरूरी है। अपने देसी बीजों को भी संरक्षित रखना चाहिए। जल को संरक्षण करना भी बहुत जरूरी है। इस हेतु हमे नहरों को नीचे से पक्का न करके कच्चा ही रखना चाहिए, ताकि भौम जल का स्तर बढ़े। समाज में, किसानों में और मजदूर भाइयों में समरसता का भाव जागृत करने चाहिए। परिवारों को टूटने से बचाने के लिए समाज को आगे आने से किस प्रकार परिवार को फायदा होगा, पर चर्चा की गई। इसी के साथ यह बताया कि इस वर्ष राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अपने 100 वर्ष पूरे कर रहा है, इसके लिए सब बधाई के पात्र हैं। सभी सदस्यों से जो कार्यक्रम चलेंगे, उसमें सहयोग करने का आग्रह किया गया। महा मंत्री रामबीर सिंह ने फसलों का बीमा किसी राष्ट्रीय एजेंसी से ही करवाने, फसलों को आग से नष्ट होने पर भी बीमें में शामिल करने व पशुओं के थन का बीमा करने की सरकार से मांग की। उन्होंने बताया कि कई किसान साथी जहर मुक्त खेती को त्याग कर गो आधारित खेत की तरफ मुड़े हैं, उनकी प्रशंसा की। महामंत्री ने कहा कि भारतीय किसान संघ, किसान साथियों को जगाने का कार्य के साथ साथ किसानों के मौलिक मुद्दे, सरकार के सामने उठाने का काम करता है।

**नकली बीजों को बंद करने का उठाया मुद्दा**

*डॉ विजय गौड ने नकली पेस्टीसाइड व नकली बीजों को बंद करने का मुद्दा उठाया। इन्हें बेचने पर सरकार को तुरंत अंकुश लगाना चाहिए। नकली दूध की बिक्री पर तुरंत रोक लगानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को किसान सम्मान निधि 12 हजार रुपए करनी चाहिए, ताकि किसान साथियों की आर्थिक मदद हो सके। एनसीआर में ट्रैक्टर की आरसी 25 साल तक वैलिड होनी चाहिए। बैठक के उपरांत दीपक ने सभी सदस्यों व अतिथियों का धन्यवाद किया। बैठक में महिंद्र कोषाध्यक्ष, जगदीप, उपाध्यक्ष संजीव उपाध्यक्ष, निखिल, हरिओम व कपिल भी मौजूद रहे।*

## खबर संक्षेप

### बीएसएनएल ने लगाया उपभोक्ता सेवा मेला

**अम्बाला।** भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनल) अम्बाला की तरफ से वीरवार को ग्राहक सेवा माह के अंतर्गत कैपिटल चौक कैंट में उपभोक्ता सेवा मेला आयोजित किया । मेले का उद्देश्य बीएसएनएल की विभिन्न सेवाओं की जानकारी ग्राहकों तक पहुंचाना एवं उनकी शिकायतों का स्थल पर ही समाधान करना रहा।

### समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए

**नारायणगढ़।** समाधान शिविर में एसडीएम शाश्वत सांगवान ने लोगों की समस्याएं सुनी और सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि सरकार के दिशा-निर्देशानुसार सप्ताह में सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन कर लोगों की समस्याएं सुन कर उनका निवारण किया।

### कुलदीप गुर्जर सर्वसम्मति से प्रधान नियुक्त

**मुलाना।** अनाज मंडी तलहेड़ी गुजरान में आढ़ती एसोसिएशन की एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधान पद के लिए नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से उपलाना निवासी कुलदीप गुर्जर को एसोसिएशन का नया प्रधान नियुक्त किया गया। नवनियुक्त प्रधान बनने पर कुलदीप गुर्जर ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

### इक प्यार का नगमा है कार्यक्रम 28 को

**अंबाला।** सोशल ऑर्गेनाइजेशन गुदगुदी जंक्शन समूह अम्बाला द्वारा संगीतमयी कार्यक्रम इक प्यार का नगमा है कार्यक्रम 28 अप्रैल को आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को लेकर अम्बाला छावनी प्रभारी राकेश आहूजा के सदर बाजार स्थित प्रतिष्ठान पर पदाधिकारियों की बैठक हुई। इस दौरान पहलगाम में हमले में शहीद 26 सैलानियों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

### जमीन ठेके पर देने की नीलामी दो को

**अम्बाला।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग अम्बाला के उप निदेशक जसविन्द्र सैनी ने सभी को अवगत करवाते बताया कि उप कृषि निदेशक अंबाला के राजकीय कृषि फार्म 6.5 एकड को वर्ष 2025-26 के लिए ठेके पर देने के लिए नीलामी 2 मई को 11:00 बजे उप मण्डल कृषि अधिकारी के कार्यालय में की जाएगी।

## पहलगाम हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि देकर पाक का पुतला फूंका

# आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संज्ञान ले सरकार: विधायक

श्रद्धांजलि सभा के दौरान माहौल गमगीन रहा और हर आंख नम दिखाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** पुतला फूंकते कांग्रेसी। फोटो : हरिभूमि

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में बुधवार को अंबाला शहर कांग्रेस भवन में एक विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व अंबाला शहर के विधायक एवं हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री निर्मल सिंह ने किया। सभा की शुरुआत दो मिनट के मौन के साथ की गई, जिसमें शहीद हुए नागरिकों व सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ता, समाजसेवी, स्थानीय नागरिक एवं युवा संगठन के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे। श्रद्धांजलि सभा के दौरान माहौल गमगीन रहा और हर आंख नम दिखाई दी। सभा के पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज करते हुए पाकिस्तान का पुतला दहन किया और पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद, तथा शहीद अमर रहें, जैसे नारे लगाकर आक्रोश प्रकट किया। इस मौके पर विधायक निर्मल सिंह ने कहा कि यह हमला न सिर्फ हमारे वीर जवानों पर, बल्कि भारत की अखंडता पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि कश्मीर में लौट रही शांति को यह कायराना हरकत बाधित नहीं कर सकती।

हम केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि इस घटना के दोषियों को कड़ी सजा दी जाए और पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बेनकाब किया जाए। निर्मल सिंह ने कहा कि यह समय राजनीतिक मतभेद भुलाकर एकजुटता दिखाने का है। शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा, और उनकी यादें सदैव हमारे दिलों में जीवित रहेंगी। अंत में एक प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार से निम्नलिखित मांगें की गईं जिसमें कहा गया कि शहीदों के परिजनों को तत्काल आर्थिक सहायता और सम्मानजनक सरकारी नौकरी दी जाए, इस आतंकी हमले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को शीघ्र सजा दी जाए, आतंकवाद के विरुद्ध सख्त एवं निर्णायक नीति अपनाई जाए व पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आतंकवाद प्रायोजक देश के रूप में उजागर किया जाए।

### आतंकी हमले के विरोध में मुलाना में जोरदार प्रदर्शन



**मुलाना।** पुतला फूंककर प्रदर्शन करते स्थानीय दुकानदार व अन्य।

- प्रदर्शनकारियों ने दुकानें बंद कर जताया रोष, पुतला फूंका

**मुलाना।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में बुधवार को मुलाना कस्बे में जोरदार प्रदर्शन हुआ। कस्बावासियों ने एकजुट होकर आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ अपना रोष व्यक्त किया तथा हमले में शहीद हुए नागरिकों व जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। स्थानीय प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान के झंडे को जमीन पर घसीटते हुए पूरे बाजार में मार्च निकाला और भारत माता मंदिर के सामने पाकिस्तान के झंडे व आतंकवाद के पुतले को आग के हवाले कर कड़ा विरोध जताया। मुलाना का बाजार शहीद विनय नरवाल अमर रहें, आतंकवाद मुर्दाबाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों से गूंज उठा। प्रदर्शन में शामिल व्यापारियों ने भी स्वेच्छा से कुछ समय के लिए अपनी दुकानें बंद रखीं और हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को मौन श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा स्थानीय नागरिकों ने सरकार से मांग की कि आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और निर्दोष नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। प्रदर्शन में शामिल जनसमुदाय का गुस्सा और आहत भावनाएं स्पष्ट रूप से दिखाई दीं। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कहा कि भारत की धरती पर आतंकवाद और उसके समर्थकों के लिए कोई जगह नहीं है।

## जड़ौत रोड और दशमेश मार्केट को मिली करोड़ों के पंप हाउस की सौगात

- जलभराव की समस्या से मिलेगी निजात: असीम गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते असीम गोयल।

अम्बाला शहर को बरसाती पानी की मार से बचाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया गया। शहरवासियों को जलभराव से राहत दिलाने के लिए गुरुवार को तीन अहम परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने अम्बाला शहर में पंप हाउस जड़ौत रोड और पंप हाउस दशमेश मार्किट के निर्माण का शिलान्यास किया। इससे पहले पंप हाउस जलबेड़ा रोड का कार्य शुरू हो चुका है। पंप हाउस जड़ौत रोड की अनुमानित लागत 2 करोड़ 84 लाख रुपये है, जबकि दशमेश मार्किट पर बनने वाले पंप हाउस की लागत 6 करोड़ 27 लाख रुपये बताई जा रही है। इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद जड़ौत रोड़, बलदेव नगर,भाखड़ा ब्यास प्रबंधन विभाग कॉलोनी, राम नगर, जगाधरी गेट, पुराना सिविल अस्पताल रोड और अंबिका माता मंदिर रोड जैसे प्रमुख क्षेत्रों को जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी। साथ ही कपड़ा मार्किट और नदी मोहल्ला जैसे इलाकों से भी पानी की बेहतर निकासी सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कहा कि अम्बाला की इस सदियों पुरानी समस्या को जड़ से खत्म करके ही दम लेंगे। ये योजनाएं सिर्फ निर्माण कार्य नहीं हैं, बल्कि लोगों को राहत देने की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता हैं। इसी के साथ-साथ साउदर्न डिस्पोज़ल इंद्रपुरी और शहर के सौंदर्यीकरण के लिए भी 1.50 करोड़ रुपये के कार्यों का शिलान्यास किया गया है।

### विकास कार्यों के पत्थर गिनने प्रारंभ कर दें निर्मल : गोयल

इस दौरान असीम गोयल ने मौजूद विधायक निर्मल सिंह को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि आज उद्घाटन व शिलान्यास पत्थरों पर नाम न होने का दर्द इनका साफ झलकता है। ये जगह जगह बाते करते हैं कि पूर्व मंत्री का नाम पत्थरों पर लिखा जा रहा है। लेकिन मैं उन्हें खुले मंच से कहता हूं कि जिन कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास पत्थरों पर हमारा नाम है आप उन कामों से संबन्धित एक चिट्ठी पत्र तो दिखा दो, दिखाएं कि इन कार्यों को पास करवाने के लिए उन्होंने क्या प्रयास किए ।

### आमजन की सेवा ध्येय

असीम गोयल ने आमजन की समस्याओं को सुनकर तुरंत किया निवारण :- हर गुरुवार की भांति इस गुरुवार भी पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने अपने आवास पर जनसुनवाई की। इस दौरान उनकी विधानसभा क्षेत्र के अलग अलग हिस्सों से आये लोगों ने अपनी समस्याएं उनके समक्ष रखी। जिनके निवारण के लिए गोयल ने तुरंत अधिकारियों को फोन कर दिशा निर्देश दिए। गोयल ने कहा कि आमजन को राहत देना और आमजन की सेवा ही उनका व सरकार प्रमुख ध्येय है।

## नियमों का पालन करने का आह्वान

- डीएवी बराड़ा में सड़क सुरक्षा अभियान का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा




**बराड़ा।** कार्यक्रम में भाग लेते स्टूडेंट्स। फोटो : हरिभूमि

डीएवी पब्लिक स्कूल, बराड़ा में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत एक सप्ताहीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 4 से 8 तक के विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी गई तथा उन्हें नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग गतिविधि में हिस्सा लिया और विभिन्न पोस्टरों के माध्यम से सड़क सुरक्षा नियमों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त, कुछ छात्रों की टीमों ने 'रोड सेफ्टी क्विज' में भाग लिया, जिससे उनमें नियमों की समझ और जागरूकता को और बल मिला।

बच्चों को एक प्रेरणादायक डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई गई, जिसमें सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित कारणों और उनसे बचाव के उपायों को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया था। वहीं सीनियर कक्षाओं के विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा विषय पर विचार-विमर्श, तर्क-वितर्क और परिचर्चा के माध्यम से जागरूकता अभियान को और अधिक प्रभावशाली बनाया। विद्यालय की प्राचार्या सुनीता कपूर ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित किया।

### अवैध कालोनी पर चलाया पीला पंजा

**मुलाना।** जिला नगर योजनाकार अम्बाला के दस्ते द्वारा गांव धीन, तहसील बराडा में लगभग 5 एकड़ (खसरा न0 20//7, 8/1, 13, 14, 17/1, 18/1, 19/1) में अवैध रूप से विकसित की जा रही 1 अवैध कालोनियों में बनी कच्ची सडक़ों के जाल तथा नीव को पूर्णतया धवस्त कर दिया गया। मौका पर जिला नगर योजनाकार - रोहित चैहान, डयूटी मैजिस्ट्रेट अभिषेक (कनिष्ठ अभियंता) व रविन्द्र (क्षेत्रान्वेषक) भारी पुलिस दल के साथ उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित जिला नगर योजनाकार रोहित चैहान ने आमजन से अपील की है कि भूमालिक/प्रोपट्री डीलर में कालोनी के रेगूलर होने का झांसा देकर प्लाट बेच रहे हैं।

## मंत्री अनिल विज ने विदेश भेजने के नाम पर ठगी की शिकायत पर लिया कड़ा संज्ञान

- कैबिनेट मंत्री ने अपने आवास पर अंबाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने आज अपने आवास पर अम्बाला छावनी विस क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुना और उनके निवारण के लिए संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए। विदेश भेजने के नाम पर ठगी के अलग-अलग मामलों में कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने पुलिस को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अशोक नगर निवासी व्यक्ति ने शिकायत देते हुए मंत्री अनिल विज को बताया कि उस मतिदास नगर निवासी एक एजेंट ने उसे झांसा दिया कि वह उसके बेटे को विदेश में भेज देगा। बेटे को स्लोवाकिया भेजने के लिए उसने ढाई लाख रुपए दिए थे। मगर कुछ समय बाद एजेंट ने यह राशि उसे वापस लौटाते कहा कि स्लोवाकिया का वीजा नहीं लग रहा वह दूसरे देश में उसके बेटे को भेज देंगे और उसे ढाई लाख रुपए वापस कर दिए। इसके बाद एजेंट ने उसके बेटे को कैनेडा भेजने के नाम पर 15 लाख रुपए लिए, मगर आज तक उसके बेटे को कैनेडा भेजा नहीं।

### ये रहे मौजूद

ऊर्जा व परिवहन मंत्री अनिल विज को महेशनगर निवासी महिला ने शिकायत देते हुए बताया कि उसके पति ने उसके साथ मारपीट करते हुए उसे घर से निकाल दिया है। इसी तरह सदर क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने शटरिंग के सामान व पैसों के लेनदेन को लेकर व्यक्ति से विवाद की शिकायत दी, राजेंद्र नगर निवासियों ने क्षेत्र में नया ट्यूबवेल लगाने की शिकायत दी जिसपर मंत्री अनिल विज ने जन स्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अलावा अन्य मामलों में कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान डीएसपी अम्बाला कैंट, एसडीएओ नंबर वन के अलावा भाजपा नेता जसबीर सिंह जस्सी, फकीरचंद सैनी, पार्षद श्याम सुंदर अरोड़ा, संजीव अत्री, रमन छतवाल एवं अन्य मौजूद रहे।

## लोगों को सही पोषण से देश रोशन के बारे में जागरूकता फैलाई




**बराड़ा।** महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा के आदेशानुसार ब्लॉक साहा की 147 आंगनवाड़ी केन्द्रों पर 15 दिनों तक सीडीपीओ ईशा रानी, सुपरवाइजर सुजाता सरोहा, सुपरवाइजर नीलम, सुपरवाइजर मीनू की देखरेख में पोषण पखवाड़ा का आयोजन कर लोगों को सही पोषण से देश रोशन के बारे में जागरूकता फैलाई गई। इस बारे में जानकारी देते सीडीपीओ ईशा रानी ने बताया कि 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया था जिसके तहत इन सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर वजन दिवस, हेल्थी लंच बॉक्स, प्रभात फेरी, नुक्कड़ नाटक सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि पोषण पखवाड़े का उद्देश्य जन आंदोलन और जन भागीदारी के माध्यम से पोषण के महत्व के बारे मे जागरुकता बढ़ाना, खाने की स्वस्थ आदतों को विकसित करना और बीमारियों से बचाना है। पखवाड़ा बारे जानकारी देते सुपरवाइजर सुजाता सरोहा, सुपरवाइजर नीलम, सुपरवाइजर मीनू मौजूद रही।

## समस्याओं का तत्परता से करें समाधान

- उपायुक्त ने की समाधान शिविर की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** शिविर में शिकायतों का समाधान करवाने पहुंचे लोग।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि समाधान शिविरों का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविरों में आने वाले प्रार्थियों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनकी समस्याओं का तत्परता से समाधान करना सुनिश्चित करें, ताकि आम लोगों को इन शिविरों का वास्तविक लाभ मिल सके। उपायुक्त आज अपने कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने समाधान शिविर में पहुंचे आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान समाधान शिविर में कुल 6 शिकायतें प्राप्त हुई जिनका मौके पर ही समाधान कर दिया गया।

### प्रार्थियो ने जताया डीसी का आभार

गांव मछोन्डा निवासी अमरजीत सिंह ने अपनी पत्नी की वृद्धावस्था पेंशन से संबंधित शिकायत समाधान शिविर में रखी, जिस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए दस्तावेजों की पुष्टि कर पेंशन हेतु डेटा पुश कर दिया गया। उन्होंने उपायुक्त का तय दिल से आभार व्यक्त किया। इसी प्रकार, अंबाला शहर से बिमला देवी की पेंशन संबंधी समस्या का भी मौके पर निपटान किया गया जिस पर उन्होंने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। ऐसी ही नन्होनी गांव गोला के नरेंद्र की राशन कार्ड संबंधी समस्या और मियां माजरा निवासी ओम प्रकाश की अपने बच्चे के सरकारी स्कूल में दाखिले से जुड़ी समस्या का भी शिविर में मौके पर समाधान हुआ। वहीं, नदी मोहल्ला अंबाला सिटी निवासी पूजा देवी द्वारा परिवार पहचान पत्र में जन्मतिथि सुधार को लेकर समस्या रखी गई।

### अंबाला में 219113.3 एमटी गेहूं की खरीद

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि अम्बाला जिले मे 15 मण्डियों व खरीद केन्द्रों पर सरकारी व अन्य एजेन्सियों द्वारा अब तक 219113.3 मीट्रिक टन गेहूँ को खरीद लिया है। इन मण्डियों में अब तक 40298 किसान गेहूँ लेकर पहुंच चुके हैं। इसके अलावा इन मंण्डियों में एजेन्सियों द्वारा गत दिवस तक 61.6 प्रतिशत के साथ 134935 मीट्रिक टन गेहूँ के उठान कार्य को पूरा कर लिया है। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने सभी एजेन्सियों के अधिकारियों को गेहूँ उठान कार्य में तेजी लाने के आदेश देते हुए कहा कि मण्डियों से गेहूँ खरीदने के बाद लिफ्टिंग के कार्य में देरी नहीं होनी चाहिए।

### परशुराम जयंती पर निकाली शोभायात्रा राष्ट्रीय बजरंग दल ने किया शक्ति प्रदर्शन



**अम्बाला।** रामनवमी, श्री हनुमान जन्मोत्सव एवं भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा एक विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा बलदेव नगर से प्रारंभ होकर भगवान श्री परशुराम गौशाला, गांव खतौली (नारायणगढ़ रोड, अंबाला) तक निकाली गई। इस भव्य शोभायात्रा में सनातन धर्म के महापुरुषों की झांकियां सजाई गईं, जिनके माध्यम से समाज को एकता और समरसता का संदेश दिया गया। शोभायात्रा के दौरान जातिवाद पर आपत्तिजनक टिप्पणियों का विरोध करते हुए सनातन धर्म की एकजुटता का सशक्त प्रदर्शन किया गया। शोभायात्रा में 36 बिरादरियों की भागीदारी रही, जिन्होंने मिलकर सनातन धर्म की अखंडता को दर्शाया। कार्यक्रम की शुरुआत महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई। अध्यक्ष शीशपाल मोर, संगठन मंत्री संत शरण वर्मा, मुकेश शर्मा, राजेश शर्मा, सतीश शर्मा, नरेंद्र, गर्वेश राणा आदि मौजूद रहे।

## आंबेडकर ने समानता की नींव रखी: सिंह

- केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू गोष्ठी में बोले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** कार्यक्रम में संबोधित करते मुख्यातिथि व उपस्थित जनसमूह।

केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समाज में समानता और अधिकारों की नींव रखी, जिसकी बदौलत आज हम सब एक हैं। डॉ. अंबेडकर द्वारा रचित संविधान की सराहना पूरी दुनिया में होती है। वे बुधवार को अंबाला शहर स्थित अंब कमल कार्यालय में आयोजित डॉ. भीमराव अंबेडकर जिला गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम में वशिष्ठ अतिथि के रूप में पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल नन्यौला भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सहित सिख समाज एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ व शॉल भेंटकर अतिथियों का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रखकर की गई। बिट्टू ने कहा कि आतंकियों द्वारा किया गया यह कायराना कृत्य निंदनीय है और ऐसे लोगों को दुनिया में कहीं जगह नहीं मिलेगी। कहा कि उनके स्वर्गीय दादा सरदार बेअंत सिंह ने देश सेवा को प्राथमिकता दी, और आज वे स्वयं भी उसी मार्ग पर चल रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो हर व्यक्ति को मान-सम्मान देती है। इसी का परिणाम है कि चुनाव हारने के बावजूद पार्टी ने उन्हें रेल राज्य मंत्री बनाया। कांग्रेस पर निशाना साधते उन्होंने कहा कि उसने डॉ. अंबेडकर को भारत रत्न व पद्मभूषण से अलंकृत नहीं किया।

**शिविर** सप्ताह में दो दिन आयोजित हो रहे समाधान शिविर

अब प्रत्येक सोमवार व वीरवार को प्रात: 10 से 12 बजे तक होगा आयोजन

## समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का यथाशीघ्र करें निपटान : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



**अंबाला।** समाधान शिविर में लोगों की शिकायत सुनते हुए अधिकारी।

एसडीएम अमित भारद्वाज ने कहा कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं का मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास रहें, यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित करें। एसडीएम ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित किए जा रहे हैं। एसडीएम ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य है जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना, ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, बल्कि वे एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में चल रही इस पहल को जनता का भी भरपूर सहयोग और सराहना मिल रही है। समय पर समाधान, समर्पित अधिकारी और आमजन की भागीदारी के साथ यह शिविर आज गुड गवर्नेंस का सशक्त उदाहरण बनकर उभरे हैं। एसडीएम अमित भारद्वाज ने कहा कि समाधान शिविर में 6 शिकायतें प्राप्त हुई हैं जिनमें से 5 शिकायतों का मोके पर समाधान किया गया शेष 1 शिकायत का वेरिफिकेशन उपरांत समाधान के निर्देश दिए।। नायाब तहसीलदार गीता राम, एएफएसओ राजिंदर कुमार, पशुपालन विभाग के एसडीओ डॉ सतिंदर पाल सिंह, खंड कृषि अधिकारी रवि कांत, एसडीओ शिवम, बिजली बोर्ड से जेई राजबीर, पीडब्लूडी विभाग एसडीओ आशा , पब्लिक हेल्थ जेई दीपक व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।